# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर – 263145

## प्रबन्ध परिषद की 234वीं आकस्मिक बैठक
## दिनांक : 02–04–2018

## कार्यसूची

| कम सं0 | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 234.1 | माननीय श्री के0पी0 शर्मा ओली, प्रधानमंत्री, नेपाल को विश्वविद्यालय की विज्ञान वारिधि की मानद उपाधि {Doctor of Science (Honoris causa)}से विभूषित किये जाने विषयक विद्वत परिषद की संस्तुतियों पर विचार। | 1–5 |
| | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव। | |

## गो0 ब0 पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर
## ऊधमसिंह नगर –263145 (उत्तराखण्ड)

# कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| 234वीं बैठक | दिनांक : | 02 अप्रैल, 2018 |
| प्रबन्ध परिषद | समय : | 3:30 बजे अपराह्न |
| | स्थान : | होटल पैसिफिक, सुभाष रोड, देहरादून |

## उपस्थिति

प्रो0 ए0के0 मिश्रा, कुलपति — अध्यक्ष

| पदेन सदस्य | | नामित सदस्य | |
|---|---|---|---|
| श्री डी0 सेन्थिल पाण्डियन<br>सचिव, कृषि,<br>उत्तराखण्ड शासन | सदस्य | श्री राजेन्द्र पाल सिंह,<br>प्रगतिशील किसान | सदस्य |
| श्री अर्जुन सिंह,<br>अपर सचिव, वित्त,<br>उत्तराखण्ड शासन<br>(सचिव, वित्त द्वारा नामित) | सदस्य | श्री सुधीर चड्ढा,<br>प्रतिष्ठित उद्योगपति | सदस्य |
| डा0 के0के0 जोशी<br>निदेशक पशुपालन,<br>उत्तराखण्ड शासन | सदस्य | प्रो0 ए0एन0 मुखोपाध्याय,<br>प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| | | डा0 एस0एस0 बिष्ट,<br>पशु प्रजनक | सदस्य |
| | | श्रीमती विनीता बिष्ट,<br>प्रतिष्ठित महिला समाज सेविका | सदस्य |

श्री पंकज तिवारी, नियंत्रक — सचिव

सर्वप्रथम सचिव, प्रबन्ध परिषद द्वारा श्री सुधीर चड्ढा, प्रतिष्ठित उद्योगपति, प्रो0 ए0एन0 मुखोपाध्याय, प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक, डा0 एस0एस0 बिष्ट, पशु प्रजनक तथा श्रीमती

विनीता विष्ट, प्रतिष्ठित महिला समाज सेविका को प्रबन्ध का सदस्य नामित किये जाने पर उनका हार्दिक स्वागत किया गया। इसके साथ ही साथ प्रबन्ध परिषद के समस्त उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये प्रबंध परिषद की बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु कुलपति/अध्यक्ष महोदय से अनुरोध किया। कुलपति/अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की गयी।

प्रस्ताव संख्या : 234.1

**विषय : माननीय श्री के0पी0 शर्मा ओली, प्रधानमंत्री, नेपाल को विश्वविद्यालय की विज्ञान वारिधि की मानद उपाधि {Doctor of Science (Honoris causa)}से विभूषित किये जाने विषयक विद्वत परिषद की संस्तुतियों पर विचार।**

प्रबंध परिषद द्वारा प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया। विचारोपरान्त, माननीय प्रबंध परिषद द्वारा नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री के0पी0 शर्मा ओली (Rt. Hon'ble Shri K.P. Sharma Oli, Prime Minister of Nepal) को गो0ब0 पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर की विज्ञान वारिधि की मानद उपाधि {Doctor of Science (*Honoris causa*)} से विभूषित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी।

**( कार्यवाही : कुलसचिव )**

अन्त में बैठक में भाग लिये जाने हेतु माननीय सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त करते हुये बैठक की कार्यवाही का संमापन किया गया।

(पंकज तिवारी)
नियंत्रक/सचिव, प्रबन्ध परिषद

(ए0के0 मिश्रा) 2/4
कुलपति/अध्यक्ष, प्रबन्ध परिषद

# परिचालन के माध्यम से जारी

# कार्यवृत्त

विषय : विश्वविद्यालय पंतनगर परिसर एवं हल्दी परिसर में सौर ऊर्जा चलित विद्युत उत्पादन के लिए सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना किये जाने विषयक।

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर – 263145

विषय : विश्वविद्यालय, पंतनगर परिसर एवं हल्दी परिसर में सौर ऊर्जा चलित विद्युत उत्पादन के लिए सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना किये जाने हेतु परिचालन के माध्यम से माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को प्रेषित प्रस्ताव पर प्राप्त अभिमत के आधार पर जारी कार्यवृत्त

विश्वविद्यालय, पंतनगर परिय सर एवं हल्दी परिसर में सौर ऊर्जा चलित विद्युत उत्पादन के लिए सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव वित्त नियंत्रक के पत्र संख्या वि0नि0 / प्र0प0 / 69 / 66 दिनांक 26-06-2018 द्वारा परिचालन के माध्यम से प्रबन्ध परिषद के सभी माननीय सदस्यों को प्रेषित किया गया।

परिचालन के माध्यम से प्रेषित उपर्युक्त प्रस्ताव पर माननीय प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का अभिमत उनके नाम सम्मुख निम्नवत् प्राप्त हुआ है :

| क्र0सं0 | नाम | अभिमत |
|---|---|---|
| 1. | सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन | The view of Finance Department is that transparent bidding process should be done as per procurement rules of the state govt. |
| 2. | सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन | Please follow procurement rules as per Finance Secretary advice |
| 3. | सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन | सचिव, उच्च शिक्षा का अभिमत प्राप्त नहीं हो सका। |
| 4. | निदेशक कृषि, उत्तराखण्ड | विश्वविद्यालय, पंतनगर परिसर एवं हल्दी में सौर ऊर्जा चलित विद्युत उत्पादन के लिए सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना किये जाने विषयक प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। |
| 5. | निदेशक पशुपालन, उत्तराखण्ड | विश्वविद्यालय, पंतनगर परिसर एवं हल्दी में सौर ऊर्जा चलित विद्युत उत्पादन के लिए सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना किये जाने विषयक प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। |
| 6. | श्री राजेश शुक्ला, माननीय विधायक / सदस्य प्रबन्ध परिषद | मुझे इसी फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि उन्होंने University को Male किया है कि वे 2.20 से कम पर कार्य करने को तैयार हैं, किंतु फिर भी उन्हें नहीं बुलाया जाना आश्चर्यजनक है। उल्लेखनीय है कि टेंडर खोले के समय भी सभी प्रतिभागियों को नहीं बुलाया गया। टेंडर प्रकिया संदेहपूर्ण है, अतः इसे दुबारा कराया जाना उचित होगा। ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर परिचालन से संकल्प पारित कराना संदेह उत्पन्न करता है, इसे Board की Proper बैठक में पारित कराया जाना उचित होगा ताकि चर्चा हो सके। |
| 7. | श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय विधायक / सदस्य प्रबन्ध परिषद | श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय विधायक / सदस्य प्रबन्ध परिषद का अभिमत प्राप्त नहीं हो सका। |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | श्री राजेन्द्र पाल सिंह, सदस्य प्रबन्ध परिषद | I object to getting this proposal passed by circulation. Please bring this agenda item in the proper board meeting |
| 9. | श्रीमती विनीता बिष्ठ, सदस्य प्रबन्ध परिषद | विश्वविद्यालय, पंतनगर परिसर एवं हल्दी में सौर ऊर्जा चलित विद्युत उत्पादन के लिए सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना किये जाने विषयक प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। |
| 10. | डा0 एस0एस0 बिष्ट, सदस्य प्रबन्ध परिषद | विश्वविद्यालय, पंतनगर परिसर एवं हल्दी में सौर ऊर्जा चलित विद्युत उत्पादन के लिए सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना किये जाने विषयक प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। |
| 11. | डा0 ए0एन0 मुखोपाध्याय, सदस्य प्रबन्ध परिषद **(प्रस्ताव ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया)** | डा0 ए0एन0 मुखोपाध्याय, सदस्य प्रबन्ध परिषद द्वारा ई0मेल दिनांक 03.07.2018 के माध्यम से प्रस्ताव पर निम्न अभिमत दिया गया है : I have critically gone through the documents submitted by you. The issues see to be quite complex & I strongly feel that the whole matter needs to be dicsussed thoroughly before according approval. We also need to know the performance of solar generation system which was set up by the University past. May I therefore request you to call for a meeting at the earliest to expedite the matter. |
| 12. | डा0 एन0एस0 राठौड़, सदस्य प्रबन्ध परिषद**(प्रस्ताव ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया)** | डा0 एन0एस0 राठौड़, सदस्य प्रबन्ध परिषद को प्रस्ताव ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया था परन्तु उनका अभिमत प्राप्त नहीं हो सका है। |
| 13. | श्री सुधीर चड्ढा, सदस्य प्रबन्ध परिषद**(प्रस्ताव ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया)** | श्री सुधीर चड्ढा, सदस्य प्रबन्ध परिषद को प्रस्ताव ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया था परन्तु उनका अभिमत प्राप्त नहीं हो सका है। |

उपरोक्तानुसार :

1. परिचालन के माध्यम से प्रस्तुत उपर्युक्त प्रश्नगत प्रस्ताव में प्रबन्ध परिषद के **मानिनीय 02 सदस्यों** यथा सचिव, वित्त तथा सचिव, कृषि द्वारा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के अनुरूप कार्यवाही किये जाने का अभिमत दिया गया है।
2. प्रबन्ध परिषद के **माननीय 03 सदस्यों** यथा श्री राजेश शुक्ला, माननीय विधायक, श्री राजेन्द्र पाल सिंह तथा डा0 ए0एन0 मुखोपाध्यायक द्वारा प्रस्ताव को प्रबन्ध परिषद की नियमित बैठक में प्रस्तुत किये जाने का अभिमत दिया गया है।

3. प्रबन्ध परिषद के **माननीय 04 सदस्यों** यथा कृषि निदेशक, उत्तराखण्ड, निदेशक पशुपालन, श्रीमती विनीता बिष्ठ तथा डा0 एस0एस0 बिष्ट द्वारा प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई है।

4. प्रबन्ध परिषद के **माननीय 04 सदस्यों** यथा सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय विधायक, डा0 एन0एस0 राठौड़ तथा श्री सुधीर चड्ढा का अभिमत प्राप्त नही हो सका।

अतः उपर्युक्त कम संख्या 1 पर प्रबन्ध परिषद के माननीय 02 सदस्यो तथा कम संख्या 2 पर प्रबन्ध परिषद के माननीय 3 सदस्यों, इस प्रकार कुल 05 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान नही की गई है। उपर्युक्त कम संख्या 03 पर प्रबन्ध परिषद के माननीय 04 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई है तथा कम संख्या 4 पर प्रबन्ध परिषद के माननीय 4 सदस्यों का अभिमत प्राप्त नही हो सका है।

अतः वर्णित तथ्यों के दृष्टित प्रबन्ध परिषद के माननीय 13 सदस्यों को परिचालन के माध्यम से प्रेषित प्रश्नगत प्रस्ताव में से 09 माननीय सदस्यों का अभिमत प्राप्त हुआ है जिसमें से 05 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान नहीं की गई है (जिसमें उत्तराखण्ड शासन के माननीय पदेन सदस्य यथा सचिव, वित्त तथा सचिव, कृषि भी सम्मिलित हैं) इस प्रकार प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का अभिमत भिन्न–भिन्न होने के कारण प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो सका। प्रस्ताव को प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में वित्त समिति के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना होगा।

(जयंती हयांकी)
वित्त नियंत्रक / सचिव, प्रबन्ध परिषद

संकल्प संख्या : 01

विषय : विश्वविद्यालय, पंतनगर परिसर एवं हल्दी परिसर में सौर ऊर्जा चलित विद्युत उत्पादन के लिए सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना किये जाने विषयक।

अधिष्ठाता, प्रौद्योगिक महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय, पंतनगर परिसर एवं हल्दी परिसर में सौर ऊर्जा चलित विद्युत उत्पादन के लिए सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना किये जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव नियंत्रक/सचिव, प्रबन्ध परिषद के पत्र संख्या वि.नि./प्र.प/69/66 दिनांक 26.06.2018 के द्वारा परिचालन के माध्यम से प्रबन्ध परिषद के सभी माननीय सदस्यों को अनुमोदनार्थ प्रेषित किया गया।

परिचालन के माध्यम से प्रेषित किये गये उपर्युक्त प्रस्ताव पर माननीय सदस्यों द्वारा दिये गये अभिमत भिन्न–भिन्न होने के कारण प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो सका है।

अतः प्रस्ताव को प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में वित्त समिति के माध्यम से प्रस्तुत किया जाये।

(कार्यवाही : अधिष्ठाता, प्रौद्योगिक महाविद्यालय)

(जयंती ह्यांकी)
वित्त नियंत्रक/सचिव, प्रबन्ध परिषद

(ए०के० मिश्रा)
कुलपति/अध्यक्ष, प्रबन्ध परिषद